2 अगस्त को "पोलिटिका 16", जो कि अपर्णा वर्मा (भरतनाट्यम डांसर, रुस में ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन के द्वारा आयोजित 'स्टूडेण्ट स्प्रिंग फेस्टिवल' 2016 में भारत का प्रतिनिधित्व किया, इसके साथ ही साथ वह जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के रुसी एवं मध्य एशियाई अध्ययन संस्थान में शोध छात्रा हैं), के द्वारा किया गया एक आनलाइन पहल है, इसके द्वारा "व्हाई एण्ड हाऊ आफ पोलिटिकल साइन्स एण्ड इण्टरनेशनल रिलेशन" विषय पर 'गूगल मीट' पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। इस वेबिनार में कई महत्वपूर्ण वक्ता विशेषकर दो बुद्धिजीवी वक्ता: डा० अमना मिर्जा (असिटेन्ट प्रोफेसर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय) और डा० अभिषेक श्रीवास्तव (असिटेन्ट प्रोफेसर, अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय) के साथ-साथ आईएस भारतीय पुलिस सेवा के बैच 2018 के युवा अधिकारी श्री विकास सुण्डा (गुजरात काडर) को आमन्त्रित किया गया। अपर्णा वर्मा जो कि इस वेबिनार की निर्देशिका थी, उन्होने वेबिनार

Scanned with CamScanner

में भाग लेने वाले पूरे देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के युवा विद्यार्थियों, रिसर्च स्कालरों और प्रोफेसरों की सक्रिय सहभागिता को पूरे सत्र के दौरान देखा।

इस कार्यक्रम की पहली वक्ता डॉ० मिर्जा थीं, जिन्होनें अनोखे तरीके से कार्यक्रम की शुरुवात की। डा० मिर्जा ने सामयिक कोविड - 19 महामारी के कारण शिक्षा के क्षेत्र में आए संकट के बारे में बात की। उन्होनें वर्तमान के परिदृश्य में पारदर्शीता और विश्वास के अभाव की बात की और इससे उत्पन्न होने वाले खतरों की समाप्ती के लिए विचार विमर्श किया। उन्होनें इस बात पर जोर दिया कि 'पोलीटिका 16' एक लीक से हटकर प्रयास है, यह सोशल मीडिया साइट 'इन्स्टाग्राम' पर उपलब्ध शैक्षिक कार्यक्रम है। 'पोलिटिका 16' विद्यार्थी एवं शिक्षक वर्ग के लिए सामाजिक ~~विज्ञान~~ विज्ञान (राजनीति विज्ञान और अन्तर्राष्ट्रीय ~~अध्ययन~~ सम्बन्ध) के अध्ययन को अपने लक्ष्य के रूप में केन्द्रित करता है। अन्त में उन्होंने यह विचार व्यक्त किया कि

Scanned with CamScanner

जिस दिन यह सेमिनार आयोजित किया गया है, उस दिन को पूरी दुनिया मित्रता दिवस के रूप में मनाती है, अगर हम शिक्षा को देखें तो यह कभी हमारा साथ नहीं छोड़ती है और पूरे जीवन भर अपनी मित्रता निभाती है।

इस कार्यक्रम के दूसरे वक्ता डॉ० अभिषेक श्रीवास्तव थे, जिन्होनें राजनीति विज्ञान और अन्तरीष्ट्रीय सम्बन्ध के एक विषय के रूप में अध्ययन की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उनकी वार्ता इस बात पर आधारित रही कि यह विषय किस तरह भारत और विदेश में उनको व्यवसायिक अवसर उपलब्ध करवा सकता है। उन्होने भारत और विशेषकर जे॰ न॰ यू॰ के सन्दर्भ में अन्तरीष्ट्रीय अध्ययन और एरिया स्टडी की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उनकी यह वार्ता उन विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त लाभप्रद रही जो भविष्य में अन्तरीष्ट्रीय सम्बन्ध और एरिया स्टडी के क्षेत्र में उच्च अध्ययन के लिए जे॰ न॰ यू॰ में प्रवेश के इच्छुक है।

इस वेबिनार के आन्तिम वक्ता विकास सुण्डा थे, जिन्होने विभिन्न तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं विशेषकर संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित की जाने वाली

Scanned with CamScanner

प्रतियोगी परीक्षाओं में राजनीति विज्ञान और अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन की भूमिका की बात की। उन्होने यह विचार व्यक्त किया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रारम्भिक परीक्षा में संविधान का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है। मुख्य परीक्षा में 250 नम्बर का पेपर भारतीय राजनीति और प्रशासन से सम्बन्धित है। इसके साथ ही साथ उन्होनें भारतीय पुलिस सेवा में राजनीति विज्ञान की व्यवहारिक फायदों के बारें में अपने अनुभवों को श्रोताओं से साझा किया। इसके साथ ही उन्होने राजनीति विज्ञान विषय के विद्यार्थियों की थिंक टैंको में भूमिका पर चर्चा की।

सभी वक्ताओं ने मिस अपर्णा वर्मा के ऊपर एक अध्यापक और मार्गदर्शक के रूप में अपना विश्वास व्यक्त किया। वक्ताओं ने 'नयी शिक्षा नीति' की प्रासंगिकता पर चर्चा की। वक्ताओं का यह विचार था कि नयी शिक्षा नीति के तहत 'पोलिटिका 16' नामक यह संगठन अपार सफलता प्राप्त करेगा। इस वेबिनार के अन्त में 'प्रश्नोत्तर' सत्र का आयोजन किया गया।

भविष्य में देश और विदेश में मौजूद श्रोताओं तक अपनी पहुँच बनाने के लिए 'पोलिटिका 16' के द्वारा ऐसे-ही वेबिनार करवाए जाने की योजना है।

Scanned with CamScanner